आरोप — गोदामों में रखे करीब 7 लाख क्विंटल चावल की गुणवत्ता पर शंका

# क्या जिले में चल रहा घटिया चावल का खेल



### राइस मिलर कर रहे बाहरी चावल गोदामों में जमा

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार जिले में जमा किए जा रहे चावल का बड़ा हिस्सा उत्तर प्रदेश से आ रहा है। वहां चावल सस्ता होने के कारण कुछ राइस मिलर बाहरी चावल मंगाकर स्थानीय गोदामों में जमा करा रहे हैं। बताया जा रहा है कि इसमें 2-3 साल पुराना चावल भी शामिल है, जिसमें ब्रोकन और डिसकलर की मात्रा अधिक है। कम कीमत के चलते ऐसे चावल को प्राथमिकता दिए जाने की चर्चा है।

### निष्पक्ष रूप से होनी चाहिए जांच

मामले को बढ़ता देख अब साफ़ और निष्पक्ष जांच की मांग हो रही हैं। जांच के बाद अगर आरोप सही निकलते हैं, तो इसका मतलब होगा कि सरकार के पैसे का नुकसान हुआ है और पीडीएस के लाभार्थियों के साथ गलत हुआ है। लोगों का कहां है कि क्या अच्छा चावल बाहर भेजकर यहां घटिया चावल रखा जा रहा है?

**नवभारत, जबलपुर।** जिले में धान घोटाले की गूंज अभी थमी भी नहीं है कि अब चावल की गुणवत्ता को लेकर नया विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि मिलिंग प्रक्रिया के नाम पर निम्न गुणवत्ता का चावल सरकारी गोदामों में जमा कराया जा रहा है और इसे सार्वजनिक वितरण प्रणाली (पीडीएस) में खपाने की तैयारी चल रही है। सूत्रों ने बताया कि गोदामों में रखे चावल की गुणवत्ता एफआरके, ब्रोकन, चमक और रंग जैसे मानकों पर कमजोर है। इसके बावजूद संबंधित अधिकारी कार्रवाई करने के बजाय चुप्पी साधे हुए हैं। सूत्रों के अनुसार जिले की अलग-अलग गोदामों में करीब 7 लाख 80 हजार क्विंटल चावल जमा है, जिसकी गुणवत्ता पर गंभीर शंका जताई जा रही है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में धान अन्य जिलों में भेजे जाने के बाद जो चावल जबलपुर में बचा है, उसमें भी गड़बड़ी की आशंका है।

### क्वालिटी जांच एजेंसी की भूमिका कटघरे में

घटिया चावल जमा करने वाले मामले में निजी क्वालिटी जांच एजेंसी की भूमिका भी कटघरे में है। इन कर्मचारियों पर चावल की जांच कर उसे पास करने की जिम्मेदारी है, लेकिन आरोप है कि मानकों से समझौता किया जा रहा है। चर्चा यह भी है कि प्रति लॉट तय दर पर लेन-देन का खेल चल रहा है, जिसकी कड़ी स्थानीय स्तर से लेकर भोपाल तक जुड़ी हो सकती है।

**इनका कहना है**

अभी इस तरह की कोई शिकायत प्रशासन तक नहीं पहुंची है, अगर शिकायत आती है तो इस मामले में जांच करवाई जाएगी, जिसके बाद आगे की कार्यवाही होगी।

**राघवेन्द्र सिंह, कलेक्टर**

## पथरिया स्टेशन पर विंध्याचल एक्सप्रेस को मिला ठहराव

**जबलपुर, नवभारत।** गाड़ी संख्या 11272/71 भोपाल-इटारसी विंध्याचल एक्सप्रेस ट्रेन के पथरिया रेलवे स्टेशन पर ठहराव के शुभारंभ समारोह का आयोजन शनिवार, 14 फरवरी को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि योगेश चौधरी, रेल प्रशासन से सहायक वाणिज्य प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह सहित अन्य रेल कर्मचारी एवं जनप्रतिनिधिगण की गरिमामयी उपस्थिति रही। स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों एवं रेल प्रशासन के समन्वय से यह आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## सूने घर में चोरी

**जबलपुर।** शहपुरा थाना कैथरा में चोरों ने सूने मकान का ताला तोड़कर नगदी समेत अन्य सामान पार कर दिया। पुलिस ने रिपोर्ट पर प्रकरण दर्ज कर लिया है। पुलिस के मुताबिक शनिवार को मयूर सिंह राजपूत 36 वर्ष निवासी कैथरा शहपुरा ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह खेती किसानी करता है उसके पिता तीन भाई हैं उसके चाचा रामेश्वर दर्शन को गये है। सूने घर का ताला तोड़कर मटर बेचने के 63 हजार रूपये समेत अन्य सामान चुराकर ले गए हैं।




# ओपीडी जानबूझकर बंद, डॉक्टर तय समय से पूर्व गायब!

▸ मझौली सीएचसी में स्वास्थ्य विभाग की मौन सहमति उजागर

**नवभारत, मझौली/जबलपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौली में सामने आई हकीकत ने अब स्वास्थ्य विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगा दिए हैं। जहां एक ओर ग्रामीण इलाज के लिए भटक रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विभागीय अधिकारी और जिम्मेदार पदाधिकारी सब कुछ जानते हुए भी आंख मूंदे बैठे हैं। इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर विशाल विश्नोई का यह स्वीकार करना कि तीन बजे के बाद ओपीडी सेवा बंद कर दी जाती है '—इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि यह कोई आकस्मिक लापरवाही नहीं, बल्कि जानबूझकर अपनाई गई व्यवस्था है। सवाल यह है कि जब सरकारी नियमों के अनुसार ओपीडी का समय निर्धारित है, तो उसे मनमाने ढंग से बंद करने की अनुमति किसने दी?

**अधिकांश डॉक्टर 12 बजे के बाद पहुंचते हैं**-स्थानीय लोगों के अनुसार अधिकांश डॉक्टर दोपहर 12 बजे के बाद अस्पताल पहुंचते हैं और दो घंटे के भीतर ही लौट जाते हैं। इसके बावजूद न तो उपस्थिति पर कार्रवाई होती है, न ही वेतन कटौती और न ही कोई विभागीय अनुशासनात्मक कदम। यह स्थिति साफ तौर पर प्रशासनिक संरक्षण की ओर इशारा करती है। ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. दीपक गायकवाड़ द्वारा 'निर्देश दिए जाने' की बात कही गई, लेकिन जमीनी हालात में कोई सुधार नजर नहीं आ रहा। सवाल उठता है कि यदि निर्देश दिए गए हैं तो— बायोमेट्रिक अटेंडेंस सार्वजनिक क्यों नहीं की गई? अनुपस्थित डॉक्टरों पर कार्रवाई का आदेश क्यों जारी नहीं हुआ? ओपीडी समय उल्लंघन पर अब तक कितने नोटिस दिए गए?

**अन्य अस्पतालों में भी डॉक्टरों की मौजूदगी नहीं**- स्थिति केवल मझौली तक सीमित नहीं है। पड़वार, लम्कंना, इंद्राना और पोंडा सहित आरोग्य सेतु योजना के अंतर्गत बने अस्पतालों में भी महीनों से डॉक्टरों की नियमित मौजूदगी नहीं है। करोड़ों रुपये खर्च कर भवन तो खड़े कर दिए गए, लेकिन इलाज करने वाला डॉक्टर गायब है—तो फिर इन योजनाओं का लाभ किसे मिल रहा है? क्या सीएमएचओ को इन हालात की जानकारी नहीं है अब सबसे बड़ा सवाल यह है कि सीएमएचओ को इन हालात की जानकारी नहीं है?

# बगैर अधिसूचना जलकर बढ़ा, आधी सप्लाई-पूरा टैक्स!



▸ नगर परिषद मझौली पर उठे गंभीर सवाल

**नवभारत, मझौली/जबलपुर।** नगर परिषद मझौली द्वारा वर्ष 2026-27 के लिए जलकर की दरों में की गई बढ़ोतरी अब विवादों में घिरती नजर आ रही है। परिषद ने एक सामान्य सार्वजनिक सूचना के माध्यम से घरेलू नल कनेक्शन 100 और व्यवसायिक नल कनेक्शन 120 रुपए प्रतिमाह की नई दरें घोषित कर दीं, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि यह बढ़ोतरी किसी विधिवत राजपत्र अधिसूचना या व्यापक जनसूचना के बिना ही लागू की जा रही है।

स्थानीय नागरिकों का आरोप है कि नगर परिषद मझौली में जल आपूर्ति की स्थिति बेहद बदहाल है। कई वार्डों में महीने में केवल 12-15 दिन ही पानी आता है, इसके बावजूद पूरे महीने का जलकर वसूला जा रहा है। सवाल यह है कि आधी सेवा, पूरा कर यह कैसा न्याय है?

### सीधे जनता की जेब पर डाका


नागरिकों का कहना है कि जब जल आपूर्ति नियमित नहीं है, पाइप लाइनें जर्जर हैं और शिकायतों पर कोई त्वरित कार्रवाई नहीं होती, तब कर बढ़ाना सीधे जनता की जेब पर डाका है। नियमों के अनुसार कर वृद्धि से पूर्व परिषद की बैठक, प्रस्ताव पारित कर व राज्य शासन की स्वीकृति और विधिवत अधिसूचना आवश्यक होती है जिसका कहीं स्पष्ट उल्लेख नहीं किया गया। इस मनमानी फैसले से नगर परिषद की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्या मझौली नगर परिषद कानून से ऊपर है? क्या जनता की सहमति और अधिकारों को दरकिनार कर टैक्स बढ़ाना अब सामान्य प्रक्रिया बन चुकी है? अब देखना यह है कि जिला प्रशासन इस गंभीर मामले पर क्या संज्ञान लेते हैं, या फिर जनता को आधा पानी और पूरा टैक्स चुपचाप सहना पड़ेगा।

# महाशिवरात्रि पर आज होगा अखंड रामायण पाठ

▸ 12 वर्षों से अनवरत जारी परंपरा, कल होगी पूर्णाहुति

**नवभारत, सुकरी।** ग्राम सुकरी में महाशिवरात्रि पर्व के पावन अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी अखंड रामायण पाठ का आयोजन किया जा रहा है। यह धार्मिक परंपरा पिछले करीब 12 वर्षों से निरंतर निभाई जा रही है, जिसमें श्रद्धालु पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ सहभागिता करते हैं।

गांव के टोला स्थित हनुमान मंदिर एवं शिव मंदिर परिसर के समीप अखंड मानस पाठ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम का समापन 16 फरवरी को पूर्णाहुति के साथ होगा। इस दौरान श्रद्धालु अपनी इच्छा अनुसार



रामायण पाठ में भाग लेने हेतु प्रांगण में पहुंचते हैं। आयोजन में गांव के बुजुर्ग, युवा एवं सभी समाज के लोग सक्रिय सहयोग प्रदान कर रहे हैं। समस्त ग्रामवासी सुकरी इस धार्मिक अनुष्ठान को सफल बनाने में जुटे हुए हैं, जिससे पूरे क्षेत्र में भक्तिमय वातावरण व्याप्त है।

## रामकृष्ण शुक्ला का निधन



**जबलपुर।** मकान नंबर 555 मन्नूलाल हॉस्पिटल की गली निवासी रामकृष्ण शुक्ला का शुक्रवार को निधन हो गया है। वे श्रीमती संगीता शुक्ला के पिता, कृष्ण कुमार शुक्ला के बड़े भाई, सतीश शुक्ला, सुधीर शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला, राजेश शुक्ला, राकेश शुक्ला चाचा, श्रेयांश शुक्ला, ऋषभ शुक्ला सिद्धार्थ शुक्ला के दादा थे।

## सड़क हादसे में घायल की मौत

**जबलपुर।** बरेला थाना अंतर्गत चौखड़ा में हुए सड़क हादसे में घायल की इलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक भरत पटेल 21 वर्ष निवासी ग्राम पिण्डरई ने सूचना दी कि ग्राम चौखड़ा में सड़क दुर्घटना में भाई निखिल पटेल को अस्पताल में भर्ती कराया था।




# शहपुरा में कन्या विद्यालय के नये भवन का लोकार्पण

**नवभारत, जबलपुर।** भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के सीएसआर मद से शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय शहपुरा में नवनिर्मित भवन एवं शौचालय का लोकार्पण आज आयोजित कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद सुमित्रा वाल्मीक एवं विधायक बरगी नीरज सिंह ठाकुर ने किया। इस भवन के निर्माण हेतु राशि सांसद सुमित्रा वाल्मीकि के प्रयासों से भारत पेट्रोलियम द्वारा उपलब्ध कराई गई थी। राज्यसभा सांसद श्रीमती वाल्मीकि ने कार्यक्रम को संबोधित करते बताया कि वे भी इसी स्कूल से पढ़ी हैं और आज इस मुकाम तक पहुँची हैं। उन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में बच्चों को पढाई की ओर अधिक ध्यान देने तथा लगन एवं मेहनत से और अधिक ऊंचाइयों पर जाने की बात कही।कार्यक्रम में भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन के क्षेत्रीय प्रबंधक शुभांग दत्त पांडेय, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# पार्थिव शिवलिंग निर्माण प्रारंभ

**सिहोरा।** परम पूज्य ग्रहस्थ संत पं तरुण चौबे जी महाराज के सानिध्य में जय मातेश्वरी भक्त परिवार सिहोरा जबलपुर पाटन द्वारा महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर 14 से 16 फरवरी तक प्रतिदिन पार्थिव शिवलिंग निर्माण एंव रुद्राभिषेक का आयोजन ज्ञान विजय परिसर अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय के पास पाटन में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से दोपहर 2 बजे तक किया जा रहा है। आयोजन में पहुंचकर पुण्य लाभ प्राप्त करने की अपील जय मातेश्वरी भक्त परिवार द्वारा की गई है। आचार्य जोगेन्दर सिंह नगर पंचायत अध्यक्ष,उदयभान ठाकुर,कृष्ण शेखर सिंह,शैलेन्द्र दुबे पत्रकार संघ अध्यक्ष,अनिल पाठक,रवि सोनी,आशीष पांडे, मिंकी सरदार,गोलू पांडे,प्रतीक महावर, राजा सोनी, कैलाश अग्रवाल,नानू दुबे आदि ने व्यासपीठ का पूजन किया।





# सर्व ईसाई महासभा ने पुलवामा शहीद को दी श्रद्धांजलि

**नवभारत, जबलपुर।** सर्व ईसाई महासभा के पदाधिकारियों ने पुलवामा आतंकी हमलें में शहीद हुए वीर सपूत अश्विनी कुमार कच्छी के ग्राम खुढावल, सिहोरा स्थित निवास पर पहुंचकर उनके परिजनों से मुलाकात की तथा गहरी संवेदना व्यक्त की। महासभा के प्रतिनिधिमंडल ने परिवारजनों को ढांढस बंधाया और हर परिस्थिति में साथ खड़े रहने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर पदाधिकारियों ने शहीद स्मारक पर पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की एवं दो मिनट का मौन रखकर वीर शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उपस्थित सभी लोगों ने राष्ट्र की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए अपने संकल्प को दोहराया। सर्व ईसाई महासभा ने कहा कि शहीदों का बलिदान सदैव राष्ट्र को प्रेरित करता रहेगा और उनका त्याग कभी भुलाया नहीं जा सकता। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष विनोद चैंबर्स, जिला अध्यक्ष शान कुमार, सनी राज, अखिल मसीह, मिडिया प्रभारी मनोज अन्थोनी, रोहन, अर्पित, बबलू जॉय सहित परिवारजन एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

## घर में घुसकर तोड़फोड़, महिला से अभद्रता, हाथापाई

**जबलपुर।** बरेला थाना क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर चार युवकों ने एक घर में घुसकर तोड़फोड़ कर महिला के साथ हाथापाई कर दी। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, बरेला निवासी सुषमा दुबे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि बीती रात करीब 11बजे क्षेत्र के ही रहने वाले एहफाज खान, सरफराज खान, परवेज खान और छोटा श्रीपाल उनके घर पहुंचे। चारों पुरानी रंजिश को लेकर सुषमा के 19 वर्षीय पुत्र आदर्श दुबे के बारे में पूछताछ करने लगे। आरोपियों ने आवेश में आकर घर की बाउंड्री वॉल पर लगे ग्लास गेट लाइट के दोनों आउटडोर लैंप फोड़ दिए। जब शोर सुनकर पीड़िता की जेठानी सुनीता दुबे बाहर आईं और उन्हें समझाने का प्रयास किया, इस दौरान जब सुषमा दुबे बाहर निकलीं, तो आरोपियों ने उनके साथ धक्का-मुक्की कर अभद्रता की।

# रेत डंप को लेकर बिलहरी में दो पक्ष भिड़े

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अंतर्गत बिलहरी की गोपालपुरम कॉलोनी में सड़क पर रेत गिरवाने की बात को लेकर दो पक्ष भिड़ गए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर काउंटर एफआईआर दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने बताया कि ट्रेडिंग का काम करने वाले कुलविंदर सिंह निवासी जनता स्कूल के पास ने बताया कि गोपालपुरम कॉलोनी में उनका मकान बन रहा है। जगह की कमी के कारण उन्होंने सड़क किनारे एक डंपर रेत गिरवाई थी। इसी बात को लेकर ऋचा द्विवेदी नामक महिला ने विवाद किया। सुबह जब वे निर्माण स्थल पर पहुंचे, तो महिला ने उनके साथ झूमा-झपटी की, जिससे उनका कुर्ता फट गया और उन्हें जान से मारने की धमकी दी गई। वहीं, दूसरी ओर से ऋचा द्विवेदी ने पुलिस को दी रिपोर्ट में बताया कि सड़क पर रेत गिरने के कारण रास्ता पूरी तरह जाम था, जिससे उन्हें अपने चार साल के बच्चे को स्कूल ले जाने में भारी परेशानी हुई। ऋचा का आरोप है कि जब उन्होंने इसकी शिकायत की, तो रिंकू पाजी उर्फ कुलविंदर सिंह ने उनके साथ अभद्रता की। आरोपी ने पीछे से उनके बाल पकड़कर मारपीट की और हाथ मरोड़ दिया, साथ ही रिपोर्ट करने पर जान से मारने की धमकी भी दी।

### अपशब्द बोल महिला बाउंसर और बच्चों के साथ सरेराह मारपीट, धमकाया

**जबलपुर।** तिलहरी क्षेत्र स्थित विजन महल में तैनात महिला बाउंसर और उसके बच्चों के साथ सरेराह चार लोगों ने मारपीट कर अपशब्द बोले बल्कि धमाकी भी दी। पुलिस ने चार नामजद आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस के अनुसार सपना स्वामी निवासी कैंट अपनी बड़ी बेटी तनिका और बेटे तनिष्क के साथ ड्यूटी के लिए विजन महल जा रही थीं। जैसे ही वे चांदनी खान के घर के सामने पहुंचे, वहां मौजूद चांदनी खान, शरफराज, इशरत और मुन्नू ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग करना शुरू कर दिया। जब महिला के बेटे तनिष्क ने आरोपियों की बदतमीजी का विरोध किया और उन्हें तमीज से बात करने को कहा, तो आरोपी आक्रोशित हो गए। आरोपियों ने मां और दोनों बच्चों को घेर लिया और उनके साथ जमकर मारपीट की। मारपीट के दौरान उनकी बेटी तनिका को चोटें आई हैं। आरोपी जाते-जाते उन्होंने पीड़िता और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी है।

# मकान मालकिन की लापरवाही ने ली थी मजदूर की जान

▸ हाईटेंशन लाइन की चपेट में आने से हुई मौत मामले में एफआईआर दर्ज

**नवभारत, जबलपुर।** गोराबजार थाना अंतर्गत बजरंग कॉलोनी बिलहरी में काम के दौरान करंट लगने से एक मजदूर की मौत हो गई थी। मर्ग जांच में मकान मालकिन की लापरवाही सामने आने के बाद पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खितौला निवासी कपिल सोनी ने सूचना दी थी कि उसके फूफा सुभाष सोनी (40) और गोविंद कोल 1 जुलाई 2025 को बजरंग कॉलोनी स्थित निन्दर कौर के घर मजदूरी करने गए थे। दोनों घर की छत पर सीट के ऊपर त्रिपाल (पन्नी) बिछाने का काम कर रहे थे। घटना के समय हल्की बारिश हो रही थी और छत के ठीक ऊपर से हाईटेंशन लाइन गुजरी थी। सुभाष सोनी ने संभावित खतरे को देखते हुए मकान मालकिन निन्दर कौर से करंट लगने के डर की बात कही थी। निन्दर कौर ने यह कहते हुए काम जारी रखने को कहा कि एक घंटे का काम है कुछ नहीं होगा। निन्दर कौर के कहने पर जब सुभाष छत पर काम करने लगे, तब एक लोहे का पाइप नीचे रखते समय वह ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से छू गया। पाइप लोहे का होने के कारण सुभाष उसकी चपेट में आ गए और उनके दोनों पैर बुरी तरह झुलस गए थे। आनन-फानन में उन्हें ऑटो से विक्टोरिया अस्पताल ले जाया गया, था जहाँ डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया था। गोराबजार पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की विस्तृत जांच की। जांच में पाया गया कि मकान मालकिन निन्दर कौर ने सुरक्षा के कोई पुख्ता इंतजाम नहीं किए थे और खतरे की जानकारी होने के बावजूद उपेक्षापूर्ण तरीके से काम कराया। इसी लापरवाही के कारण सुभाष सोनी की मौत हुई।

# गैंगरेप के बाद हुई थी महिला की हत्या

▸ एक आरोपी गिरफ्तार, दूसरे ने पिया कीटनाशक

**नवभारत, जबलपुर।** पनागर थाना अंतर्गत ग्राम मुडिया बाईपास में हत्या के बाद सूखी नहर में फेंकी गई महिला की लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। गैंगरेप के बाद महिला की हत्या की गई। वारदात को मृतिका के प्रेमी ने साथी के साथ मिलकर की थी। एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया गया है जबकि दूसरे ने कीटनाशक पी लिया जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

अति. पुलिस अधीक्षक क्राइम जितेन्द्र सिंह ने बताया कि पनागर थाना अंतर्गत ग्राम मुडिया बाईपास में हत्या के बाद सूखी नहर में महिला की लाश फेंक दी थी। मृतिका सुलोचना धुर्वे पति श्याम धुर्वे निवासी हाड़ापानी कुण्डम की 10 जनवरी को पनागर बाजार जाने के घर से निकली थी लेकिन वापिस नहीं



लौटी थी। 12 जनवरी को उसकी लाश मिली थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर पतासाजी शुरू की । सीसीटीव्ही कैमरों के फुटेज खंगाले तो पता चला कि श्रीमति सुलोचना धुर्वे 10 जनवरी को पनागर बाजार हरि उर्फ मुकेश परस्ते के साथ पनागर बाजार में घूम रही थी एवं हरि उर्फ मुकेश परस्ते के साथ ही पीले रंग के आटो में बैठकर ग्राम नयागांव में शाम लगभग 6 बजे उतरी थी जिसके बाद सुलोचना धुर्वे किसी को दिखायी नहीं दी है। जिसके बाद पुलिस ने 12 फरवरी को हरि उर्फ मुकेश परस्ते को अभिरक्षा में लिया जिसने पूछताछ में राज उगले।

### शराब, मुर्गा पार्टी कर दोस्त ने जबरन किया रेप

हरि से पूछताछ में यह बात सामने आई कि मुकेश परस्ते के दोस्त मोनू उर्फ महेश मार्को के साथ सुलोचना धुर्वे के अवैध सम्बंध थे। 10 जनवरी को सुलोचना धुर्वे को लेकर अपने खेत मालिक लखन पटेल के खेत में बने पम्प हाऊस के कमरे पर लेकर गया था जहाँ हरि ने महिला से शारीरिक सम्बंध बनाने की बात कही जिस पर सुलोचना धुर्वे के द्वारा मना कर दिया गया था। कुछ समय बाद दोस्त मोनू उर्फ महेश भी आया और उसके द्वारा मुर्गा पार्टी की गयी शराब का सेवन किया गया । मोनू उर्फ महेश के द्वारा कमरे में महिला के साथ शारीरिक सम्बंध बनाए। मोनू उर्फ महेश के शारीरिक सम्बंध बनाने के बाद हरि उर्फ मुकेश के द्वारा सुलोचना धुर्वे से जबरदस्ती सम्बंध बनाए ।

### गला दबाकर नहर में फेंकी लाश

जांच में पाया गया कि शारीरिक सम्बंध बनने के बाद महिला के द्वारा कहा गया कि तुमने गलत काम किया है जिसकी जानकारी परिजनों, पुलिस को दूंगी। डर में दोनों ने मिलकर हत्या की योजना बनाई। हरि ने गला दबाया। इस दौरान मोनू ने दोनों हाथ पकड़े थे। महिला के छटपटाने पर मोनू के द्वारा उसके गले को लात से दबाया गया। इसके बाद दोनों ने मिलकर शव को सूखी नहर में फेंक दिया था।

### पुलिस को देख खाया जहर

प्रकरण के अन्य आरोपी मोनू उर्फ महेश मार्को को पुलिस ने तलाश करते हुए पकड़ा इसके बाद उसे थाने लाया गया। जहां उसकी तबियत बिगड़ गई जिसे सीएचसी पनागर ले जाया गया जहां पूछताछ करने पर मोनू उर्फ महेश मार्को के द्वारा बताया कि पुलिस को घर की ओर आता देख उसने चारा नष्ट करने वाली कीटनाशक दवा पी लिया था।

# वनरक्षक की कॉलर पकड़ी, धमकाया

▸ शासकीय कार्य में बाधा डलाने का प्रकरण दर्ज

**जबलपुर।** बरगी में बदमाश ने वनरक्षक की कॉलर पकड़ते हुए जान से मारने की धमकी दे डाली। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपित के खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डलाने का प्रकरण दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक शनिवार शाम राहुल गुलाटी (40) निवासी आदर्श कालोनी अधारताल ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह वनरक्षक के पद पर वन परिक्षेत्र बरगी में पदस्थ है उसकी ड्यूटी ग्राम चरगवां बीट तिखारी ओ 455 कम्पार्टमेंट वन परिक्षेत्र बरगी में प्लांटेशन में थी। प्लांटेशन का काम चल रहा था तिखारी निवासी गोलू एवं मेहतू उसके पास काम कर रहे थे तभी 3 व्यक्ति उसके पास आये जिनमें से एक व्यक्ति ने



अपना नाम राजू मसराम बताया था जो शासकीय कार्य में बाधा उत्पन्न करते हुये उसके साथ विवाद कर बोला कि तुमने एक व्यक्ति को मारा है तो उसने कहा कि उसने किसी को नहीं मारा है। डयूटी पर थोड़ी देर पहले ही आया हूँ इसी बात पर उक्त व्यक्ति ने उसकी कॉलर पकड़ ली, उसके पास काम कर रहे गोलू एव मेहतू ने बीच बचाच किया तो राजू मसराम बोला कि कहीं मिला तो जान से खत्म कर दूंगा।